# Sixteenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of Shri Keyur Bhushan, Member, 7th and 8th Lok Sabhas; Shri Bateshwar Hemram, Member, 6th Lok Sabha; Shri Y.G. Mahajan, Member, 13th & 14th Lok Sabhas; Dr. G.R. Sarode, Member, 10th & 11th Lok Sabhas; Shri Jalagam Kondala Rao, Member, 6th & 7th Lok Sabhas; Shri K. Krishnamoorthy, Member, 12th Lok Sabhas; Shri Bhanu Prakash Singh, Member, 3rd & 4th Lok Sabhas; and Shri George Fernandes, Member, 4th, 6th, 7th and 9th to 14th Lok Sabhas.

**माननीय अध्यक्ष :**माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को आठ पूर्व सदस्यों, सर्वश्री केयूर भूषण, बटेश्वर हेमराम, वाई. जी. महाजन, डॉ. जी. आर. सरोदे, जलागम कोंडला राव, के. कृष्णमूर्ति, भानु प्रकाश सिंह और जॉर्ज फर्नांडीज के दुःखद निधन के बारे में सूचित करना है।

**श्री केयूर भूषण** मध्य प्रदेश के रायपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, जो अब छत्तीसगढ़ में है, से 7वीं और 8वीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री केयूर भूषण प्राक्कलन समिति के सदस्य तथा मानसिक स्वास्थ्य विधेयक संबंधी संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य थे।

श्री भूषण स्वंतत्रता सेनानी थे जिन्हें 'भारत छोड़ो' आंदोलन में भाग लेने के लिए कारावास में रखा गया था।

साहित्यिक प्रतिभा के धनी श्री केयूर भूषण 'छत्तीसगढ़ की कली' और 'छत्तीसगढ़ संदेश' के संपादक थे।

श्री केयूर भूषण का निधन 90 वर्ष की आयु में 3 मई, 2018 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में हुआ।

**श्री बटेश्वर हेमराम** बिहार के दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (जो अब झारखंड में है), से छठी लोक सभा के सदस्य थे।

श्री हेमराम की साहित्यिक कार्यकलापों में विशेष रुचि थी और उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हुईं ।

श्री बटेश्वर हेमराम का निधन 87 वर्ष की आयु में 17 अक्टूबर, 2018 को दुमका, झारखंड में हुआ।

**श्री वाई. जी. महाजन** महाराष्ट्र के जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13वीं और 14वीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री महाजन कृषि संबंधी समिति और मानव संसाधन विकास संबंधी समिति के सदस्य थे।

श्री महाजन एक सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता थे तथा उन्होंने दहेज विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया।

श्री वाई. जी. महाजन का निधन 77 वर्ष की आयु में 29 अक्टूबर, 2018 को जलगांव में हुआ।

**डॉ. जी. आर. सरोदे** महाराष्ट्र के जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 10वीं और 11वीं लोक सभा के सदस्य थे। इससे पूर्व, डॉ. जी. आर. सरोदे महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य भी रहे।

डॉ. जी. आर. सरोदे का निधन 78 वर्ष की आयु में 2 दिसम्बर, 2018 को जलगांव, महाराष्ट्र में हुआ।

**श्री जलागम कोंडला राव** आंध्र प्रदेश के खम्माम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (जो अब तेलंगाना में है), से छठी और सातवीं लोक सभा के सदस्य थे।

वे गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के सदस्य थे। इससे पूर्व, श्री कोंडला राव वर्ष 1957 से 1962 तक आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य थे।

एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में श्री राव ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया।

श्री जलागम कोंडला राव का निधन 90 वर्ष की आयु में 18 दिसम्बर, 2018 को तेलंगाना के हैदराबाद में हुआ।

**श्री के.कृष्णमूर्ति** तमिलनाडु के मयिलादुथुरई संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से बारहवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री कृष्णमूर्ति ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी समिति तथा पर्यावरण और वन संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया।

एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में श्री कृष्णमूर्ति ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया तथा अनेक शैक्षणिक संस्थानों की नींव रखी।

श्री के. कृष्णमूर्ति का निधन 74 वर्ष की आयु में 16 जनवरी, 2019 को तंजावुर, तमिलनाडु में हुआ।

**श्री भानु प्रकाश सिंह** मध्य प्रदेश के राजगढ़ और सीधी निर्वाचन क्षेत्रों से क्रमशः तीसरी और चौथी लोक सभा के सदस्य थे।

श्री भानु प्रकाश सिंह औद्योगिक विकास और कंपनी कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री थे। उन्होंने गोवा के राज्यपाल के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं।

श्री भानु प्रकाश सिंह का निधन 89 वर्ष की आयु में 24 जनवरी, 2019 को राजगढ़, मध्य प्रदेश में हुआ।

**श्री जॉर्ज फर्नांडीज** महाराष्ट्र के तत्कालीन बॉम्बे साउथ (जो अब मुम्बई दक्षिण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है), से चौथी लोक सभा के सदस्य थे। वे बिहार के मुजफ्फरपुर तथा नालंदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से क्रमशः छठीं, सातवीं और नौवीं से चौदहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री फर्नांडीज केन्द्रीय रक्षा, रेल, संचार तथा उद्योग मंत्री भी थे। एक अनुभवी संसद सदस्य के रूप में वे विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे। साहित्यिक प्रतिभा के धनी श्री जॉर्ज फर्नांडीज 'The Other Side' के संपादक थे तथा उन्हें अन्य पुस्तकें, जैसे 'What ails the Socialists' and 'Railway Strike of 1974' के प्रकाशन का भी श्रेय प्राप्त है।

श्री फर्नांडीज एक उत्कृष्ट संघवादी और समाजवादी थे तथा उन्होंने सादा जीवन और उच्च विचार के आदर्शों पर बल दिया। उन्होंने गरीबों और समाज के हाशिये पर रहने वाले वर्गों के अधिकारों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से उठाया तथा अनवरत कार्य करने वाले व्यक्ति के रूप में प्रतिष्ठा अर्जित की।

उन्होंने सामाजिक मुद्दों के लिए निरंतर संघर्ष किया तथा अत्यंत सक्रियता और निर्भीकता के साथ कार्य किया। वे श्रमजीवी वर्ग के लिए पूर्णतः समर्पित थे।

श्री जॉर्ज फर्नांडीज का निधन 88 वर्ष की आयु में 29 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। यह सभा शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन खड़ी रहेगी।

**11.03 hrs**

*Then Members then stood in silence for a short while.*

… (*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam, I have given a notice for Adjournment Motion. …(*Interruptions*).

HON. SPEAKER: I will allow you after the Question Hour. Definitely I will allow you.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न संख्या 1, श्री राजीव सातव जी।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I will allow you. आपको भी बोलने का मौका दूंगी।

…(*Interruptions*)

**श्री राजीव सातव (हिंगोली):** अध्यक्ष महोदया, जिस प्रकार से पश्चिम बंगाल में केन्द्र सरकार द्वारा सी.बी.आई. की मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है, उसके बारे में पहले चर्चा हो जाए और उसके बाद क्वैश्चन ऑवर लें, यह मेरी विनती है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप क्वैश्चन नम्बर बोलिये।

**श्री राजीव सातव :** मैडम, सी.बी.आई. पर पहले डिस्कशन हो जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** क्या आपको क्वैश्चन नहीं पूछना है?

**श्री राजीव सातव:** मैडम, पहले सी.बी.आई. का होने दीजिए।…(व्यवधान)